

# दिल्ली की पारी लड़खड़ाई, निसांका ने संभाली पारी

## दिल्ली की टीम 20 ओवर में आठ विकेट पर 142 रन ही बना सकी

**नई दिल्ली 8 मई अरुण जेटली स्टेडियम में खेले गए आईपीएल 2026 के 51वें मुकाबले में दिल्ली कैपिटल्स की बल्लेबाजी एक बार फिर दबाव में बिखरती नजर आई. कोलकाता नाइट राइडर्स के अनुशासित गेंदबाजी आक्रमण के सामने दिल्ली की टीम 20 ओवर में आठ विकेट पर 142 रन ही बना सकी.**

पथुम निसांका के शानदार अर्धशतक के अलावा दिल्ली का कोई बल्लेबाज बड़ी पारी नहीं खेल पाया. कोलकाता की ओर से अनुकूल रॉय और कार्तिक त्यागी ने दो-दो विकेट लेकर दिल्ली को बड़े स्कोर तक पहुंचने से रोक दिया. टॉस हारकर पहले बल्लेबाजी करने उतरी दिल्ली को केएल राहुल और पथुम निसांका ने तेज शुरुआत दिलाई. दोनों बल्लेबाजों ने शुरुआती ओवरों में आक्रामक रुख अपनाया और पावरप्ले में टीम को मजबूत स्थिति में पहुंचाने की कोशिश की. निसांका शुरुआत से ही अच्छे लय में दिखाई दिए और उन्होंने वैभव अरोड़ा व कार्तिक त्यागी के खिलाफ शानदार शॉट लगाए. दूसरी ओर राहुल ने भी तेजी से रन जुटाए. तीन ओवर के बाद दिल्ली का स्कोर बिना विकेट 28 रन था.

हालांकि, पांचवें ओवर की आखिरी गेंद पर कार्तिक त्यागी ने दिल्ली को पहला झटका दिया.

> सुनील नरेन ने समीर रिजवी को चलता किया, जबकि अनुकूल रॉय ने शानदार गेंदबाजी करते हुए पहले निसांका और फिर ट्रिस्टन स्टब्स को आउट किया. स्टब्स सिर्फ दो रन बना सके. दिल्ली की मध्यक्रम बल्लेबाजी एक बार फिर दबाव में असफल रही. कप्तान अक्षर पटेल भी तेजी से रन नहीं बना पाए और दूसरे छोर से लगातार विकेट गिरने का असर टीम की रन गति पर पड़ा. आखिरी ओवरों में आशुतोष शर्मा और निचले क्रम के बल्लेबाजों ने तेजी से रन जोड़ने की कोशिश की, लेकिन केकेआर के गेंदबाजों ने उन्हें खुलकर खेलने का मौका नहीं दिया. वरुण चक्रवर्ती, वैभव अरोड़ा और कैमरन ग्रीन ने कसी हुई गेंदबाजी की. दिल्ली की टीम पूरे 20 ओवर खेलने के बावजूद बड़ा स्कोर खड़ा नहीं कर सकी और सिर्फ 142 रन तक पहुंच पाई.

उन्होंने केएल राहुल को कैमरन ग्रीन के हाथों कैच कराया. राहुल ने 14 गेंदों में 23 रन बनाए. राहुल के आउट होने के बाद दिल्ली की रन गति थोड़ी धीमी पड़ गई. नीतीश राणा से टीम को बड़ी पारी की उम्मीद थी, लेकिन वह भी ज्यादा देर टिक नहीं सके. कैमरन ग्रीन ने उन्हें सुनील नरेन के हाथों कैच कराकर पवेलियन भेज दिया. राणा सिर्फ आठ रन बना सके. इसके बाद पथुम निसांका ने एक छोर संभाले रखा और समीर रिजवी के साथ साझेदारी बनाने की कोशिश की. निसांका ने संयम और आक्रामकता का अच्छा संतुलन दिखाया. उन्होंने स्पिनरों के खिलाफ भी आत्मविश्वास से बल्लेबाजी की और अपना अर्धशतक पूरा किया. लेकिन जैसे ही दिल्ली की पारी संभलती दिख रही थी, कोलकाता के गेंदबाजों ने लगातार विकेट निकालकर मैच पर पकड़ मजबूत कर ली. कोलकाता के लिए अनुकूल रॉय और कार्तिक त्यागी सबसे सफल गेंदबाज रहे. दोनों ने दो-दो विकेट लिए.

### कौन-सी टीम किस स्थान पर

| क्र. | टीम | मैच | जीत | हार | नतीजा नहीं | अंक | रन रेट |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1. | हैदराबाद | 11 | 7 | 4 | 0 | 14 | +0.737 |
| 2. | पीबीकेएस | 10 | 6 | 3 | 1 | 13 | +0.571 |
| 3. | आरसीबी | 9 | 6 | 3 | 0 | 12 | +1.42 |
| 4. | आरआर | 10 | 6 | 4 | 0 | 12 | +0.51 |
| 5. | जीटी | 10 | 6 | 4 | 8 | 12 | -0.14 |
| 6. | सीएसके | 10 | 5 | 5 | 0 | 10 | -0.151 |
| 7. | डीसी | 10 | 4 | 6 | 0 | 8 | -0.949 |
| 8. | केकेआर | 9 | 3 | 5 | 1 | 7 | -0.53 |
| 9. | एमआई | 10 | 3 | 7 | 0 | 6 | -0.64 |
| 10. | एलएसजी | 9 | 2 | 7 | 0 | 4 | -1.07 |

### एक नजर में

## भारत में होगा ग्लोबल चैस लीग का चौथा सीजन



**नयी दिल्ली.** टेक महिंद्रा और फिडे की एक संयुक्त पहल, ग्लोबल चैस लीग (जीसीएल) ने शुक्रवार को घोषणा की कि इसका चौथा सीजन भारत में आयोजित किया जाएगा. भारत एक ऐसा देश है जहां इस खेल की लोकप्रियता तेज़ी से बढ़ रही है. पिछले सीजनों में, भारत ने खचाखच भरे स्टेडियम, ज़बरदस्त फैन ज़ोन और डिजिटल जुड़ाव में भारी उछाल देखा है, जिसने शतरंज के दर्शकों से जुड़ने के तरीके को पूरी तरह बदल दिया है. जो खेल कभी शांत और अकेले खेला जाने वाला माना जाता था, वह अब तेज़-तर्रार, रोमांचक और लाखों लोगों द्वारा मिलकर खेला जाने वाला खेल बन गया है. ग्लोबल चैस लीग ने पहले ही खेल के प्रारूप, फ्रेंचाइज़ी टीमों, मिश्रित-लिंग वाली टीमों और तेज गति वाले मैचों के तरीकों को बदल दिया है. लेकिन इससे भी ज़्यादा महत्वपूर्ण बात यह है कि इसने खेल के अनुभव को ही बदल दिया है. इसने शतरंज को एक शानदार तमाशे में बदल दिया है. एक टीम खेल में. एक ऐसी चीज़ में जिसे प्रशंसक सिर्फ़ देखते ही नहीं, बल्कि महसूस भी करते हैं. और इसके लिए भारत से बेहतर कोई मंच नहीं हो सकता.

## स्पिन-बॉलिंग कोच बन सकते हैं सैराज बहुतुले



**नयी दिल्ली.** भारत के पूर्व स्पिनर सैराज बहुतुले, जो अभी पंजाब किंग्स से जुड़े हैं, के मौजूदा आईपीएल सीजन के बाद फ्रेंचाइज़ी से अलग होने की उम्मीद है. समझा जाता है कि उन्होंने हेड कोच गौतम गंभीर और भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) के सीनियर अधिकारियों सहित सभी संबंधित लोगों से बातचीत की है. बीसीसीआई के सूत्रों का कहना है कि बाहुतुले (53), जिन्होंने 2001 से 2003 के बीच भारत के लिए दो टेस्ट और आठ वनडे मैच खेले हैं, अपनी स्पिन-बॉलिंग कोचिंग के हुनर के लिए काफी मशहूर हैं. माना जाता है कि इसी बात ने हेड कोच गौतम गंभीर का ध्यान खींचा है. टीम इंडिया की कोचिंग टीम में बैटिंग कोच सितांशु कोटक, फास्ट-बॉलिंग कोच मोर्ने मोर्कल, फील्डिंग कोच टी. दिलीप और असिस्टेंट कोच रयान टेन डेशकाटे शामिल हैं. अभी टीम में कोई खास स्पिन-बॉलिंग कोच नहीं है, और समझा जाता है कि गंभीर ने इस पद के लिए बहुतुले के नाम की सिफारिश की है.

## पर्पल कैप टेबल में तीसरे स्थान पर पहुंचे प्रिंस




**नयी दिल्ली.** आईपीएल 2026 में गुरुवार रात लखनऊ सुपर जायंट्स (एलएसजी) ने रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी) को नौ रन से हराया. हालांकि इस मैच के बाद ऑरेंज कैप टेबल में कुछ ज़्यादा बदलाव नहीं हुआ, लेकिन पर्पल कैप की रेस जरूर दिलचस्प हो गई है. पर्पल कैप लीडरबोर्ड: प्रिंस यादव: यह नाम अब विराट कोहली शायद लंबे समय तक नहीं भूलेंगे. एलएसजी के इस तेज गेंदबाज़ ने आरसीबी के स्टार बल्लेबाज़ को दूसरी ही गेंद पर शानदार इनस्विंग से बोल्ड कर दिया. मैच में यह प्रिंस का पहला विकेट था. बाद में उन्होंने कुल तीन विकेट लिए और इस सीजन अपने विकेटों की संख्या 16 तक पहुंचा दी. यह आंकड़ा गुजरात टाइटंस (जीटी) के कगिसो रबाडा और सनराइजर्स हैदराबाद (एसआरएच) के इशान मलिंगा के बराबर है. हालांकि बेहतर इकॉनमी रेट के कारण प्रिंस उनसे ऊपर हैं. प्रिंस की इकॉनमी 8.08 की है, जबकि रबाडा ने 9.23 और मलिंगा ने 9.44 रन प्रति ओवर दिए हैं. इन तीनों से ऊपर सिर्फ आरसीबी के भुवनेश्वर कुमार और चेन्नई सुपर किंग्स (सीएसके) के अंशुल कम्बोज हैं, जिनके नाम 17 विकेट हैं.

## मुफ्त आईपीएल टिकट के आरोप हुए खारिज




**बेंगलुरु.** कर्नाटक के गृह मंत्री जी. परमेश्वर ने शुक्रवार को उन आरोपों को खारिज कर दिया कि राज्य सरकार द्वारा मुफ़्त टिकटों की मांग के कारण इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) 2026 का फ़ाइनल बेंगलुरु से अहमदाबाद शिफ़्ट कर दिया गया. वहीं, देवजीत सैकिया ने दावा किया कि यह फ़ैसला कर्नाटक राज्य क्रिकेट संघ (केएससीए) द्वारा बहुत ज़्यादा मुफ़्त टिकटों की मांग के कारण लिया गया. वेन्यू बदलने को लेकर चल रहे विवाद पर जवाब देते हुए परमेश्वर ने कहा, 'क्या सिर्फ़ विधायकों को 600 सीटें देने के लिए कोई मैच शिफ़्ट किया जाएगा? अगर ऐसा है, तो उन्हें बताना चाहिए कि किसे कितने टिकट मिले.' मंत्री ने ज़ोर देकर कहा कि इस फ़ैसले में कर्नाटक सरकार की कोई भूमिका नहीं थी, और इसे पूरी तरह से एक कमर्शियल और प्रशासनिक मामला बताया, जिसमें भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) और फ्रेंचाइजी शामिल हैं. उन्होंने कहा, 'हमें आरसीबी और बीसीसीआई के बीच हुए समझौतों के बारे में कोई जानकारी नहीं है. ऐसा लगता है कि यह फ़ैसला कमर्शियल कारणों से लिया गया है, जैसे कि ज़्यादा भीड़ जुटाना और बैठने की ज़्यादा क्षमता सुनिश्चित करना.'

## हम जीत से बस दो ही शॉट पीछे रह गए : पाटीदार



**लखनऊ, 08 मई लखनऊ सुपर जायंट्स (एलएसजी) के ख़िलाफ़ गुरुवार को मिली हार आईपीएल 2026 में रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी) की चौथी हार थी. पिछले सीजन जब टीम ने अपना पहला आईपीएल ख़िताब जीता था, तब पूरे टूर्नामेंट में उन्हें सिर्फ़ चार ही हार मिली थी.**

क्या इसका मतलब इस बार टीम के प्रदर्शन में तीव्रता की कमी है? कप्तान रजत पाटीदार ऐसा नहीं मानते. उनका कहना है, 'हम इस सोच के साथ नहीं खेल रहे कि हमें ख़िताब डिफेंड करना है.' उन्होंने प्रेस कांफ़्रेंस में कहा, 'हम इस सीजन डिफेंडिंग चैंपियन की तरह नहीं खेल रहे हैं. हमारे पास फिर से चैंपियन बनने का मौक़ा है. हमें आक्रामक क्रिकेट खेलनी है.

## सबालेंका, पाओलिनी तीसरे दौर में, बेरेटिनी बाहर

### इटेलियन ओपन

- क्रेजसिकोवा पर सबालेंका की आसान जीत
- पाओलिनी ने तीन सेटों में पलटा मैच
- ओस्टापेंको-झेंग भिड़ंत तीसरे दौर में





**रोम, 08 मई. डब्ल्यूटीए नंबर एक आर्यना सबालेंका और डिफेंडिंग चैंपियन जैस्मीन पाओलिनी ने शानदार प्रदर्शन करते हुए 2026 इटेलियन ओपन के तीसरे दौर में जगह बना ली, जबकि पुरुष वर्ग में स्टेफानोस सितसिपास और माटेओ बेरेटिनी की शुरुआती दौर में हार ने टूर्नामेंट में बड़ा उलटफेर कर दिया.**

बेलारूस की टॉप सीड सबालेंका ने चेक गणराज्य की बारबोरा क्रेजसिकोवा को सीधे सेटों में 6-2, 6-3 से हराकर अपनी दावेदारी मजबूत की. मैच की शुरुआत में दोनों खिलाड़ियों के बीच सर्विस ब्रेक का आदान-प्रदान देखने को मिला, लेकिन इसके बाद सबालेंका ने आक्रामक खेल दिखाते हुए मुकाबले पर पूरी तरह नियंत्रण कर लिया. उन्होंने पूरे मैच में 29 विनर्स लगाए और केवल 13 अनफोर्स्ड एरर्स किए.

> दूसरी ओर, इटली की नौवीं वरीयता प्राप्त जैस्मीन पाओलिनी को क्वालिफायर लियोलिया जीनजीन के खिलाफ जीत के लिए कड़ा संघर्ष करना पड़ा. लगभग तीन घंटे तक चले मुकाबले में पाओलिनी ने 6-7 (4), 6-2, 6-4 से जीत दर्ज की. पहले सेट में पाओलिनी 5-3 की बढ़त लेने के बावजूद सेट अपने नाम नहीं कर सकीं और जीनजीन ने टाईब्रेक जीतकर बढ़त बना ली.

## खिलाड़ियों को नहीं मिल रहा सम्मान : सिनर



**रोम, 08 मई जानिक सिनर का कहना है कि यह 'कहना मुश्किल है' कि क्या वह कभी प्राइज़ मनी (इनामी राशि) को लेकर किसी ग्रैंड स्लैम का बहिष्कार करेंगे. लेकिन इस इतालवी खिलाड़ी का दावा है कि खिलाड़ियों को वह सम्मान नहीं मिल रहा जिसके वे हकदार हैं.**

उनकी साथी, दुनिया की नंबर एक खिलाड़ी आर्यना सबालेंका ने मंगलवार को कहा था कि उन्हें लगता है कि खिलाड़ी 'किसी न किसी मोड़ पर' बड़े टूर्नामेंटों (मेजर) में से किसी एक का बहिष्कार ज़रूर करेंगे.

बीबीसी स्पोर्ट के अनुसार, शीर्ष 10 खिलाड़ी चारों ग्रैंड स्लैम से होने वाली कमाई में ज़्यादा हिस्सेदारी की मांग कर रहे हैं.

> सिनर ने कहा, 'अगर दूसरे खेलों की बात करें, तो वहाँ के शीर्ष एथलीट जब कोई जरूरी पत्र भेजते हैं, तो मुझे पूरा यकीन है कि 48 घंटों के अंदर उन्हें न सिर्फ़ जवाब मिलता है, बल्कि उनकी एक मीटिंग भी हो जाती है. बेशक, हम पैसों की बात तो कर ही रहे हैं. सबसे ज़रूरी है इज़्ज़त, और हमें वह मिल ही नहीं रही.' 24 बार के ग्रैंड स्लैम चैंपियन नोवाक जोकोविच भी इस बहस में शामिल हो गए और कहा, 'खिलाड़ी जानते हैं कि उन्हें हमेशा मेरा साथ मिलेगा.

इसके साथ ही वे लाभ में योगदान और मैच के समय (शेड्यूलिंग) जैसे मामलों में अपनी बात रखने का ज़्यादा अधिकार भी चाहते हैं.

इटैलियन ओपन में लगातार छठा मास्टर्स 1,000 खिताब जीतने की कोशिश से पहले रोम में सिनर ने कहा, 'यह सम्मान की बात ज़्यादा है. मुझे लगता है कि जितना हमें वापस मिल रहा है, उससे कहीं ज़्यादा दे रहे हैं. यह सिर्फ़ शीर्ष खिलाड़ियों के लिए नहीं है - यह हम सभी खिलाड़ियों के लिए है, चाहे वे पुरुष हों या महिलाएँ. शीर्ष 10 पुरुष और शीर्ष 10 महिला खिलाड़ियों ने मिलकर एक पत्र लिखा था. यह अच्छी बात नहीं है कि एक साल बीत जाने के बाद भी हम उस नतीजे के आस-पास भी नहीं पहुँचे हैं, जो हम चाहते हैं.'

## प्रिंस भारत के लिए जल्द करेंगे पदार्पण



**लखनऊ, 08 मई पूर्व क्रिकेटर अंबाती रायुडू का मानना है कि प्रिंस यादव बहुत खास प्रतिभा वाले गेंदबाज है और वह जल्द ही भारतीय टीम के लिए पर्दापण करेंगे.**

इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) 2026 के गुरुवार को रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु के खिलाफ प्रिंस यादव के मैच जिताऊ प्रदर्शन के बाद अंबाती रायुडू ने एक कार्यक्रम के दौरान कहा, 'मुझे लगता है कि वह जल्द ही भारत के लिए पदार्पण करेंगे. प्रिंस यादव बेहद खास प्रतिभा हैं. उनका रन अप देखकर ही लगता है कि वह लड़ने आए हैं. उनकी ज़्यादातर गेंदें स्टंप्स की लाइन में रहती हैं. यही उनकी सबसे बड़ी ख़ासियत है. 'रायुडू ने कहा, 'कोहली को आउट करने वाली गेंद बेहद ख़ास थी. सीम सीधी रही. यह बहुत बड़ा विकेट था. प्रिंस भी दिल्ली से आते हैं, दिल्ली के लिए खेलते हैं, और उन्होंने अपने ही दिल्ली टीममेट को आउट किया.

कई गेंदबाज़ एक ओवर में एक या दो अच्छी गेंद डालते हैं. यह लड़का चार से पांच डालता है. यही इसकी सबसे बड़ी ताकत है' उन्होंने कहा, 'मुझे नहीं लगता दुनिया का कोई बल्लेबाज उस गेंद को खेल सकता था.

## मैसूर करेगा लेटेप बाय टूर डी फ्रांस स्पर्धा की मेजबानी

**बेंगलुरु.** भारत के कर्नाटक प्रांत का मैसूर शहर चार अक्टूबर को दुनिया भर में मशहूर लेटेप बाय टूर डी फ्रांस साइकिलिंग स्पर्धा की मेजबानी करेगा. यह भारत में इस रेस का पहला संस्करण है. यह स्पर्धा, एनईबी स्पोर्ट्स ने शुक्रवार को कर्नाटक टूरिज्म और टूर डी फ्रांस के ऑर्गनाइजर, अमौरी स्पोर्ट ऑर्गनाइजेशन (एएसओ) के साथ मिलकर इस रेस के भारत में कराये जाने की घोषणा की. इस घोषणा के साथ 20 से अधिक देशों में होने वाली अंतरराष्ट्रीय लेटेप एमेच्योर साइकिलिंग सीरीज में भारत प्रवेश करने जा रहा है.



## शकीरा के एंथम 'दाई दाई' की सोशल मीडिया पर धूम

**रियो डी जेनेरियो (ब्राजील) 08 मई कोलंबिया की मशहूर गायिका शकीरा द्वारा अंतरराष्ट्रीय फुटबॉल टूर्नामेंट फीफा विश्वकप 2026 के लिये पेश किये गये गीत 'दाई दाई' का टीजर सोशल मीडिया मंच धूम मचा रहा है. पिछले कई सालों में देखा गया है कि जब तक शकीरा नहीं गाती है, तब तक यह फीफा विश्व कप शुरु नहीं होता.**

उन्होंने फीफा वर्ल्ड कप 2026 के ऑफिशियल एंथम 'दाई दाई' का टीजर, कोलंबियाई सुपरस्टार के 2010 के अंतरराष्ट्रीय फुटबॉल टूर्नामेंट, 'वाका वाका (दिस टाइम फॉर अफ्रीका)' का एंथम साउथ अफ्रीका में गाने के 16 साल बाद और जर्मनी में 2006 फीफा वर्ल्ड कप की क्लोजिंग सेरेमनी में 'हिप्स डोंट लाइ (बैम्बू)' का अडैप्टेड वर्जन गाने के 20 साल बाद आया है.

2026 एंथम के टीजर में, शकीरा को ब्राजील के रियो डी जेनेरियो के मशहूर माराकाना स्टेडियम में डांसर्स की एक टीम के साथ दिखाया गया है.

> इस क्लिप को 24 घंटे से भी कम समय में 1.9 मिलियन लोगों ने पसंद किया और पूरा गाना गुरुवार (14 मई) को रिलीज होगा. उल्लेखनीय है कि फीफा वर्ल्ड कप 2026, 11 जून को शुरू होगा और इसका फाइनल 19 जुलाई को अमेरिका के न्यूयॉर्क में होगा. इस विश्वकप की अमेरिका मैक्सिको और कनाडा मेजबानी कर रहे हैं.

**आईपीएल 2026** | सूर्यवंशी बनाम गुजरात का तेज हमला, जयपुर में हाई-वोल्टेज भिड़ंत

## टॉप-4 की जंग में उतरेगी राजस्थान और गुजरात टीम

**जयपुर, 08 मई टीनएज बैटिंग के कमाल के खिलाड़ी वैभव सूर्यवंशी एक बार फिर राजस्थान रॉयल्स की उम्मीदों का बोझ अपने कंधों पर उठाएंगे, जब शनिवार को सवाई मानसिंह स्टेडियम में होने वाले आईपीएल 2026 के एक अहम मुकाबले में उनका सामना गुजरात टाइटन्स से होगा. दोनों टीमें प्लेऑफ़ में जगह बनाने के लिए ज़ोरदार टक्कर दे रही हैं.**

15 साल के इस सनसनीखेज़ खिलाड़ी ने इस सीजन की सबसे बड़ी कहानी लिख दी है, और राजस्थान रॉयल्स को इस टूर्नामेंट की सबसे खतरनाक बैटिंग यूनिट में से एक बना दिया है. 10 पारियों में 404 रन और 237.65 के ज़बरदस्त स्ट्राइक रेट के साथ, सूर्यवंशी ने अपनी कम उम्र के बावजूद आईपीएल 2026 के सबसे उभरते सितारों में से एक के तौर पर अपनी पहचान बना ली है. शनिवार का यह मुकाबला टूर्नामेंट के एक बहुत ही अहम मोड़ पर हो रहा है. राजस्थान रॉयल्स और गुजरात टाइटन्स, दोनों ही 10 मैचों में 12-12 अंकों पर बराबरी पर हैं, हालाँकि रॉयल्स का नेट रन रेट अभी बेहतर है. लीग के कुछ ही मैच बाकी होने की वजह से, एक और हार किसी भी टीम के प्लेऑफ़ में पहुँचने की उम्मीदों को बड़ा झटका दे सकती है.

> राजस्थान के लिए दबाव और भी ज़्यादा है, क्योंकि इस सीजन में अपने घरेलू मैदान पर उनका प्रदर्शन निराशाजनक रहा है. टूर्नामेंट की शुरुआत लगातार चार जीत के साथ ज़ोरदार तरीके से करने के बावजूद, राजस्थान ने हैरानी की बात है कि जयपुर में अपने दोनों मैच गंवा दिए हैं. अब टीम के सामने टॉप-2 में जगह न बना पाने का खतरा मंडरा रहा है, जब तक कि वे सवाई मानसिंह स्टेडियम में अपनी पुरानी धाक वापस न जमा लें.